भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †113
सोमवार, 3 फरवरी, 2025/14 माघ, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

होटल प्रबंधन संस्थानों में पीपीपी मॉडल

†113. श्री दुष्यंत सिंहः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार आतिथ्य क्षेत्र में कौशल विकास चुनौतियों का समाधान करने में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल की क्षमता को स्वीकार करती है, विशेष रूप से केंद्रीय होटल प्रबंधन संस्थान (सीआईएचएम) और आतिथ्य उद्योग की अग्रणी संस्थाओं के बीच सहयोग के माध्यम से और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) सरकार द्वारा सीआईएचएम और प्रमुख राष्ट्रीय और वैश्विक आतिथ्य समूहों के बीच साझेदारी के माध्यम से आतिथ्य क्षेत्र में कौशल विकास कार्यक्रम को बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ग) इस मॉडल के तहत सहयोग की विशिष्ट गतिविधियों और क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार की देश भर में आतिथ्य और पर्यटन में कौशल विकास के लिए पीपीपी मॉडल का विस्तार करने की योजना है, जिसमें छात्र को शामिल करना, संकाय विकास और संस्थागत विकास का समर्थन करने के लिए अधिक आतिथ्य समूहों के साथ अतिरिक्त भागीदारी शामिल है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा इन साझेदारियों के माध्यम से आतिथ्य क्षेत्र में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए क्या उपाय किए गए हैं/किए जा रहे हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): जी हां, पर्यटन मंत्रालय आतिथ्य क्षेत्र में कौशल विकास संबंधी चुनौतियों का समाधान करने में सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) की क्षमता को स्वीकार करता है और उसने इस दिशा में निम्नलिखित कदम उठाए हैं:-

i. पर्यटन मंत्रालय ने आतिथ्य संस्थानों के पाठ्यक्रमों और आतिथ्य पाठ्यक्रमों की ब्रांडिंग और विपणन से संबंधित अन्य मामलों की समीक्षा करने के लिए उद्योग

जगत के अग्रणी और आईएचएम शिक्षाविदों को शामिल करते हुए एक कार्यबल का गठन किया है।

ii. आतिथ्य, सेवा और देखभाल के उच्चतम मानकों के साथ कार्य करने वाले व्यक्तियों और पेशेवरों को तैयार करने के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए, 21 केंद्रीय होटल प्रबंधन संस्थानों और 08 प्रमुख आतिथ्य समूहों के मध्य समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए, इन समूहों में इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड, आईएचजी होटल एंड रिसॉर्ट्स, मैरियट होटल्स, ललित होटल ग्रुप, आईटीसी ग्रुप ऑफ होटल्स, लेमन ट्री होटल्स, एपीजे सुरेंद्र पार्क होटल्स और रेडिसन होटल ग्रुप शामिल हैं।

उद्योग-अकादमिक सहयोग एक पायलट परियोजना है जिसका उद्देश्य समझौता ज्ञापन के हिस्से के रूप में अधिक आतिथ्य श्रृंखलाओं सहित इसे और विस्तारित करना है। समझौता ज्ञापन में संस्थानों के भीतर नवाचार और उद्यमिता संबंधी पहलों में सहायता प्रदान करना शामिल है।

****